
# जिस संगठन या संस्थान में 10 से अधिक कर्मचारी, वहां होनी चाहिए आंतरिक शिकायत समिति : मेहता

**भास्कर न्यूज | अम्बाला**



जीएमएन कॉलेज की आईसीसी कमेटी ने अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता वायु सेना से रिटायर्ड राकेश मेहता ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि उत्पीड़न केवल शारीरिक ही नहीं अपितु मानसिक, सामाजिक व तनाव से संबंधित भी होता है। छोटी उम्र की लड़कियों को उत्पीड़न से बचाने के लिए उन्होंने कई सुझाव दिए। अगर आपके संगठन/संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति है तो उसमें ही शिकायत करनी चाहिए। ऐसे सभी संगठन या संस्थान जिनमें 10 से अधिक कर्मचारी हैं वे आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के लिए बाध्य हैं। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन, संयोजिका कमलेश, सीमा कंसल, अंग्रेजी विभाग से डॉ. अमित कुमार, डॉ. अंशु चौधरी व डॉ. नीना मौजूद थे। मंच संचालन राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. राकेश कुमार ने किया।